पीएम मोदी का संबोधन सुनने के लिए स्कूलों में जोर-शोर से चल रही तैयारी

- एक अप्रैल को 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को करेंगे संबोधित

कोलकाता. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अप्रैल को 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करेंगे. नयी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सुबह 11 बजे से यह कार्यक्रम इंटरएक्टिव फॉरमैट में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों को संबोधित करेंगे. इस कार्यक्रम के प्रसारण को लेकर ज्यादातर स्कूलों में जोर-शोर से तैयारी चल रही है. केंद्रीय विद्यालय कांकीनाड़ा में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के लिए तैयारी चल रही है. विद्यालय के प्राचार्य सत्य नारायण ने बताया कि यह समय बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है. बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों के लिए यह कठिन दौर है. ऐसे समय में उन्हें प्रोत्साहन की सबसे अधिक आवश्यकता होती है. विद्यार्थियों को ऐसे व्यक्ति की तलाश रहती है, जो उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुने और एक मित्र की भांति समाधान सुझाये. इस समय प्रधानमंत्री के उत्साहवर्द्धक शब्दों से सभी लाभान्वित होंगे. वहीं, बारासात के हाबरा अंचल के वाणीपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) के प्राचार्य तपन कुमार मिस्त्री ने कहा कि छात्रों व शिक्षकों के लिए हर कक्षा में डिजिटल बोर्ड पर कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की गयी है. साथ ही अपने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अभिभावकों को भी सूचित किया है कि वे अपने-अपने घरों में रह कर इस कार्यक्रम को देखें. अपने क्षेत्रों में व्हाट्सएप, फेसबुक आदि के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार करें. विद्यालय के हिंदी शिक्षक श्रीनिवास प्रसाद ने प्रार्थना सभा में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार रखे. इसी तरह से अन्य केंद्रीय व जेएनवी विद्यालयों में भी इस कार्यक्रम की जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं.

बाणीपुर जेएनवी में साज-सजावट के साथ-साथ रंगोली बनाते हुए विद्यार्थी

कोलकाता के केंद्रीय विद्यालयों ने भी कसी कमर

कोलकाता. सभी केंद्रीय विद्यालयों में 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एक अप्रैल को होगा. केंद्रीय विद्यालय काशीपुर के प्राचार्य व कार्यक्रम संयोजक केके दूबे ने मंगलवार को यह जानकारी दी. श्री दूबे ने बताया कि भारत और विदेशों के करोड़ों छात्र, शिक्षक और अभिभावक वर्चुअली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता के लिए लगभग 15.7 लाख प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है. उन्होंने कहा कि यह एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री परीक्षा के तनाव और संबंधित क्षेत्रों से संबंधित छात्रों के सवालों का जवाब देंगे. कोरोना महामारी से उबरने और परीक्षाओं के ऑफलाइन मोड में जाने के मद्देनजर इस वर्ष का पीपीसी और भी महत्वपूर्ण हो गया है. तनाव मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशभर में व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं.

केवीआइओसी हल्दिया व केकेडी-2 में भी विद्यार्थियों में उत्साह

- प्रधानमंत्री भरेंगे परीक्षार्थियों में जोश

खड़गपुर/हल्दिया. सीबीएसई द्वारा संचालित 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को होनेवाले तनाव से मुक्त रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गयी 'परीक्षा पे चर्चा' इस बार एक अप्रैल को होगी.

इस बहु-प्रतीक्षित वार्षिक कार्यक्रम को लेकर इन दिनों पूर्व मेदिनीपुर की औद्योगिक नगरी स्थित केंद्रीय विद्यालय आईओसी हल्दिया व पश्चिम मेदिनीपुर जनपद के खड़गपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एयर फोर्स स्टेशन कलाईकुंडा में जोरदार तैयारियां की जा रही हैं. केंद्रीय विद्यालय आइओसी हल्दिया के प्राचार्य डॉक्टर हितेंद्र प्रताप सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विद्यालयों को विशेष निर्देश प्राप्त हुए हैं, ताकि सभी बच्चों को एक साथ लाइव कार्यक्रम दिखाने के उचित प्रबंध किये जा सकें. केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एयर फोर्स स्टेशन कलाईकुंडा के प्राचार्य भूपेश भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री 'परीक्षा पे चर्चा' के 5वें संस्करण के दौरान दुनियाभर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे. अपनी अनूठी आकर्षक शैली में प्रधानमंत्री परीक्षा के तनाव और संबंधित क्षेत्रों से संबंधित छात्रों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब देते हैं. कोविड-19 महामारी से उबरने और परीक्षाओं के ऑफलाइन मोड में जाने के मद्देनजर इस वर्ष के पीपीसी के महत्व पर जोर दिया जा रहा है. सिर्फ केंद्रीय विद्यालय ही नहीं, बल्कि आसपास के दूसरे स्कूलों के विद्यार्थी भी इस समारोह में शामिल हो सकते हैं. उनके बैठने व समारोह को लाइव देखने के लिए सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां की गयी हैं.

Scanned by CamScanner